


# त्यौहार आते ही बाजारों में उमड़ पड़ा खरीददारों का जन सैलाब

रविन्द्र सिंह चौहान

**ग्वालियर 8 अक्टूबर.** करवा चौथ का पर्व करीब आते ही ग्वालियर शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। बाजारों में महिलाअओं की जमकर भीड़ उमड़ रही है। दुकानों पर हालात यह है कि पांव रखने को भी जगह नहीं है। सुबह से ही शहर के सराफा बाजार, दाल बाजार, नया बाजार, महाराज बाड़ा, मुरार सदर बाजार, हजीरा के बाजारों में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुहागिन महिलाएं बाजारों में करवा चौथ की पूजा सामग्री, साड़ी, चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर और मेहंदी जैसी चीजों की जमकर खरीदारी कर रही है। इसके अलावा ज्वैलरी, सेंडिल आदि की भी जमकर बिक्री हो रही है। त्योहार के चलते शहर के बाजारों में रंग-बिरंगे करवे, सजे हुए बाल, दीपक और सजावटी पूजा सामग्री की दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। दुकानों पर भीड़ इतनी ज्यादा रही कि कई जगह ट्रैफिक पुलिस को व्यवस्था संभालनी पड़ी।

**जमकर हो रही है ऑनलाइन शॉपिंग-** ज्यादातर महिलाएं पारंपरिक खरीदारी के लिए बाजारों का रुख कर रही है, लेकिन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी करवा चौथ स्पेशल ऑफर चल रहे है। कई महिलाओं ने साड़िया और कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स ऑनलाइन ऑर्डर किए है।

## श्रृंगार के स्टॉलों पर सबसे ज्यादा भीड़

शहर के प्रमुख बाजारों में इस बार मेहंदी कलाकारों की खूब मांग दिखाई दे रही है। युवतियां और महिलाएं करवा चौथ की पूर्व संध्या पर हाथों में सुंदर डिजाइन की मेहंदी लगवाने के लिए पहले से ही बुकिंग करा रही है। वहीं, सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर भी भीड़ का आलम दिखाई दे रहा है। ब्यूटी पार्लर और सैलून में भी पहले से बुकिंग कराई जा रही है ताकि व्रत के दिन किसी को परेशानी न हो। त्योहार से पहले आई भीड़ ने कारोबारियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री में 25 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। करवा चौथ से जुड़े सामान जैसे मिट्टी के करवे, छलनी, दीपक, सजावटी थाल और सिंदूर के पैक की बिक्री जोरों पर है। ज्वेलरी दुकानों पर ऑर्टिफीशियल और गोल्ड दोनों तरह के गहनों की खरीदारी जमककर हो रही है।

### इनका कहना है



करवा चौथ पर सभी महिलाएं व्रत रखती हैं इसकी तैयारी हम बड़ी धूमधाम से करते हैं बाजारों में हमने जाकर जमकर शॉपिंग की करवा चौथ को लेकर बाजारों में बहुत भीड़ रही

**दीपिका भदौरिया**



शहर में मुरार महाराज वाला हजीरा पर त्योहारों को लेकर बहुत ज्यादा भीड़ होने लगी है इस कारण वहां निकलने में थोड़ी परेशानी जरूर आ रही है लेकिन पुलिस ने भी मोर्चा संभाल रखा है .

**प्रियंका राजावत**

# सेवा सप्ताह के पांचवे दिन लगा स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 8 अक्टूबर.** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1 के सेवा सप्ताह सेवांकुर:आओ खुशियां बांटें के अंतर्गत आज पांचवे दिन डायबिटीज एवं स्वास्थ्य परीक्षण दिवस का सफल आयोजन लिंक हॉस्पिटल के सहयोग से इटालियन गार्डन, फूलबाग में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील गोयल, लायन नितिन मंगिलक, कैट अध्यक्ष रवि गुप्ता, गुरप्रीत कौर, राका, राकेश अग्रवाल, प्रियांका जैन, संगीता जादौन, डॉ. विनोद जैन, दीपेन्द्र दुबे, कमल अग्रवाल एवं अन्य हार्मोनी क्लबों के पदाधिकारीगण व सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पैट्रन लायन एस.के. जैन, रामकरण परिख, डॉ. विनोद जैन, लायन एस.के.पचनंदा एवं हेमेश डंडोतिया की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी क्लबों ने अपने सहयोग और नि:स्वार्थ सेवा से इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया। लिंक हॉस्पिटल की समर्पित चिकित्सक टीम द्वारा नागरिकों का ब्लड शुगर, बी.पी., बी.एम.आई. एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सेवा सप्ताह चेयरपर्सन लायन अजय चोपड़ा ने बताया कि यह दिवस केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नागरिकों को डायबिटीज नियंत्रण, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संदेश दिया। स्वस्थ तन, शांत मन और सेवाभावी आत्मा यही सच्चे जीवन के तीन सूत्र हैं। कार्यक्रम का संचालन स्नेहपूर्ण और ऊर्जावान वातावरण में हुआ तथा अंत में सभी अतिथियों एवं सहयोगी टीम का आभार व्यक्त किया गया।

## एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आरंभ



ग्वालियर-एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के नेतृत्व में 3 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी, ग्वालियर का जूनियर वर्ग का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर उत्साहपूर्वक प्रारंभ हुआ। इस शिविर में 3 म.प्र. नेवल यूनिट के अंतरगर्त आने वाले विभिन्न विद्यालयों जैसे कि शा. एक्सीलेन्स नं0 1 विद्यालय मुरार, शा. पद्मा गर्ल्स विद्यालय, मिस हिल विद्यालय, शा. गोरखी हा.से. विद्यालय, शा. पागनवीसी हा.से. विद्यालय, डीएवी हा.से. विद्यालय, शा. हरिदर्शन हा.से. विद्यालय, देहली पब्लिक स्कूल, विद्या भवन पब्लिक स्कूल, सेन्ट जोसेफ स्कूल, शा. एक्सीलेन्स नं0 1 विद्यालय मुरैना के कैडिट उपस्थित हुये यहॉ पहुॅचकर समस्त कैडिटों ने शिविर के रिसेप्शन पर पंजीकरण कराया, उन्होने शिविर हेतु आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये एवं शिविर हेतु अन्य औपचारिकताए पूर्ण की।

# ईपीएफओ मुख्यालय का आदेश : संस्थान के बाहर लिखें संस्थान का विवरण

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 8 अक्टूबर.** कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध उपबंध अधिनियम, 1952 की धारा 78(1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर के क्षेत्राधिकार में आने वाले नौ जिलों (ग्वालियर, गुना, श्योपुर, अशोकनगर, दतिया, भिंड, शिवपुरी, राजगढ़ एवं मुरैना) की 13000 से अधिक संस्थान अपने प्रवेश द्वार पर तथा अपनी आधिकारिक वेबसाइट एवं मोबाइल एप्लिकेशन पर नियोक्ता प्रमुखता से प्रदर्शित करें।

1. संस्थान का ईपीएफ कोड, 2. संस्थान का पंजीकृत नाम, 3. ईपीएफ एवं एमपी अधिनियम, 1952 के अंतर्गत कवरेज की तिथि, 4. संस्थानों की शाखाओं की संख्या एवं प्रधान शाखा का पता, 5. संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय का नाम।

सत्य वर्धन गौतम, क्षेत्रीय आयुक्त, ग्वालियर द्वारा कार्यालय क्षेत्राधिकार में आने वाली सभी व्याप्त संस्थानों से अपील की है कि वे 15 दिनों के भीतर निम्नलिखित विवरणों को संस्थान के बाहर प्रदर्शित करें।

यह प्रदर्शित जानकारी स्पष्ट, सुगम एवं सभी के लिए दृष्टिगोचर स्थान (संस्थान के मुख्य द्वार) पर उपलब्ध होनी चाहिए। संस्थानों के पंजीक्रत ईमेल पर इस हेतु निर्देश प्रेषित किए जा रहे है। निर्धारित अवधि में अनुपालन न करने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए प्रावधानों के अनुसार उपयुक्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। सभी प्रतिष्ठानों से अपेक्षा की जाती है कि वे समयबद्ध रूप से अनुपालन कर प्रमाण स्वरूप उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 1 से 5 तक प्रदर्शन सुनिश्चित कर प्रति / फोटो / लिंक इस कार्यालय को प्रेषित करें। साथ ही, क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी चूककर्ता संस्थाओं से विशेष अपील की जाती है कि वे अपने संस्थान में कार्यरत सभी पात्र कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान का समय पर जमा सुनिश्चित करें। बकाया भविष्य निधि राशि की शीघ्र वसूली हेतु ऐसी संस्थाओं के विरुद्ध जब्ती, बैंक खातों का अटैचमेंट, संस्थानों का निरीक्षण, Search and Seizure, धारा 7 के अंतर्गत न्यायिक कार्यवाही, क्षतिपूर्ति एवं ब्याज की वसूली (धारा 14बी एवं 7क्यू) तथा आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय में नियोक्ताओं के विरुद्ध अभियोजन दर्ज करने जैसी विधिक कार्यवाहियाँ भी की जाएँगी।

## कार ने मारी सामने से टक्कर, सगे भाई घायल

**ग्वालियर 8 अक्टूबर.** काम निपटाकर अपने घर जा रहे सगे भाई हादसे का शिकार हो गए। कार चालक ने लापरवाही व तेजी से वाहन चलाते हुए सामने से उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई सड़क पर गिर गए और घिसटते हुए दूर तक चले गए। घटना पनिहार थाना क्षेत्र के गुनाह रोड ईंट भट्टे के पास बीते रोज की है। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से भाग निकला। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है और कार नम्बर के आधार पर उसके चालक की तलाश शुरु कर दी है। मोनू जाटव व सोनू जाटव पुत्र रमेश जाटव निवासी बरई पनिहार किसी काम से भितरवार गए थे। काम समाप्त करने के बाद दोनों भाई बाइक नम्बर एमपी07जेडजे-8432 से वापस घर जा रहे थे। बाइक को सोनू चला रहा था, जबकि मोनू पीछे बैठा हुआ था।




# सड़क किनारे पॉलीथिन और कचरे के ढेर, सता रहा बीमारी फैलने का खतरा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 अक्टूबर.** उपनगर ग्वालियर के वार्ड 6 में चार शहर के नाके से सागर ताल रोड तक साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। निगम के कचरा उठाने वाले वाहन केवल खानापूर्ति कर रहे हैं। मुख्य सड़क पर रास्ते पर पॉलीथिन एवं कचरे के बड़े ढेर लगे है। यहां कचरे के साथ पॉलीथिन व अमानक प्लास्टिक कैरीबेग पड़े हुए है। जिनसे दिन रात वहां से निकलने वालों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बदबू के कारण बीमारियों के फैलने का भी हर वक्त डर लगा रहता है। लोग कह रहे हैं ऐसे समय अगर कोई बीमार हो गया तो अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ जाएंगे। निगम की ऐसी लापरवाही के कारण लोगों में भय की स्थिति बनी हुई है। वहीं वहां पड़े हुए पड़ी हुई अमानत पॉलीथिन को आवारा मवेशी खा रहे है। जिससे उनकी जान खतरे में आ रही है। इस मार्ग से कई नेता, पार्षद एवं अफसर प्रतिदिन निकलते हैं, लेकिन इस ओर किसी भी ध्यान नहीं जाता है। गरीब बस्तियां होने के साथ ही यहां कुछ पॉश कॉलोनियां भी है। फिर भी निगम कर्मचारी लापरवाही करने से चूक नहीं रहे। स्थानीय निवासी योगेश निनोरिया का कहना है कि कई बार नगर निगम के कर्मचारियों को यहां सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए फरियाद की गई है, तब भी हालात जस के तस बने हुए हैं।

# मेला व्यापारी संघ को मिला हाईकोर्ट बार एसो. का साथ और समर्थन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 अक्टूबर.** व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा दुकान आवंटन की प्रक्रिया को ऑनलाइन, ऑक्शन एवं ईटेंडरिंग से जोड़ने, मेला में कई पीढ़ियों से दुकानें लगाते आ रहे पुराने दुकानदारों के हितों की उपेक्षा, दुकानों के किराए में बेतहाशा वृद्धि एवं मेला की भूमि को खुर्दबुर्द करने की कोशिशों जैसे विभिन्न मुद्दों पर आवाज बुलंद कर रहे ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ को अब मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, ग्वालियर का साथ एवं समर्थन मिला है। मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, ग्वालियर के अध्यक्ष एडवोकेट पवन पाठक ने आज एक वक्तव्य में ग्वालियर व्यापार मेला के व्यापारी बंधुओं के साथ खड़े होने का संकल्प व्यक्त करते हुए संभागायुक्त मनोज खत्री एवं मेला प्राधिकरण के कर्ताधर्ताओं से कहा है कि यदि ग्वालियर मेला के एक भी पुराने दुकानदार से दुकान छीनी गई और जबरदस्त ढंग से बढ़ाया गया किराया वापस नहीं लिया गया तो मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, ग्वालियर का एक भी सदस्य चुप नहीं बैठेगा और मेला व्यापारी संघ के संघर्ष में अग्रणी सहयोगी बनकर मेला प्राधिकरण को अपने रवैए को वापस लेने के लिए विवश किया जाएगा। बार के अध्यक्ष एड. पवन पाठक ने इस सवासौ वर्ष पुराने ऐतिहासिक ग्वालियर व्यापार मेला की भव्यता एवं गौरव के खिलाफ रची जा रही साजिशों, मेला प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे दुराग्रहपूर्ण व्यवहार एवं प्रशासन के उच्चाधिकारियों की अनदेखी पर तीखा आक्रोश व्यक्त किया है

मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट पवन पाठक ने कहा कि राज्य सरकार का प्रशासन और मेला प्राधिकरण मेला के व्यापारी भाईयों की भावनाओं से खिलवाड़ न करें। मेला व्यापारियों को ईटेंडरिंग और ऑक्शन के पचड़े में डालकर परेशान न किया जाए।

## 25 दिसम्बर से 25 फरवरी तक लगेगा व्यापारमेला

**ग्वालियर 8 अक्टूबर.** व्यापार मेला इस वर्ष भी 25 दिसम्बर से 25 फरवरी तक आयोजित होगा। पिछले वर्ष मेला में दुकान लगाने वाले ऐसे दुकानदार, जिन्होंने अब तक बकाया राशि जमा नहीं की है, ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण ने ऐसे सभी दुकानदारों से शीघ्र ही बकाया राशि जमा कर नो-ड्यूज प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए कहा है। बकायादारों की सूची मेला प्राधिकरण के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। मेला प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि इस वर्ष दुकान आवंटन के लिए विगत वर्ष का आवंटन आदेश, नो-ड्यूज आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें.

# पीस पोस्टर कार्यक्रम में 60 बच्चों ने भाग लिया

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 8 अक्टूबर.** लायंस क्लब ग्वालियर आध्या आराध्या,अनुभूति ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत पांचवें दिन पीस पोस्टर कार्यक्रम सिंध आदर्श बाल मंदिर में कराया गया जिसका टॉपिक था हम साथ साथ हैं जिसमें 60 बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों को क्लब की तरफ से कलर का पैकेट और स्वल्हार दिया गया. मुख्य अतिथि प्रांतीय सचिव न रमेश श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि स्कूल के अध्यक्ष अशोक चौधरी और पूर्व रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ मीनाक्षी गोयल रही. कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुभूति के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने की बच्चों को प्रथम,द्वितीय,तृतीय और तीन सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में आराध्या क्लब की अध्यक्ष नीता अग्रवाल,सचिव अंजू गर्ग,कोषाध्यक्ष वंदना गुप्ता,कार्यक्रम संयोजक संध्या जैन, आध्या क्लब की अध्यक्ष प्रीति झा, मनु शर्मा आदि सदस्य उपस्थिति रहे.

## रात में हुई ठंडक, दिन में बढ़ रही उमस


**ग्वालियर 8 अक्टूबर.** शहर में हुई बूंदाबांदी के बाद रात में हल्की ठंडक महसूस की गई, जिससे मौसम सुहाना हो गया, हालाकि सुबह से धूप निकल रही है जिससे उमस में बढ़ोतरी दर्ज की गई। शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहा है, वहीं रात के तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, इसके चलते रात का तापमान सामान्य पर पहुंच गया है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार इस साल अच्छी बारिश होने के कारण सर्दी अधिक पड़ेगी। बूंदाबांदी होने के कारण शहर का अधिकतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 3.8 डिग्री कम रहा।

# एक उम्र,एक परीक्षा,एक ही प्रयास और एक सा स्थान पाकर बहन-भाई ने बढ़ाया मान

नवभारत न्यूज




**ग्वालियर 8 अक्टूबर.** नीट की परिक्षा उत्तीर्ण करना कई छात्रों का सपना होता हैं यदि किसी परिवार का बेटा या बेटी नीट क्लिअर कर ले तो उसके परिवार ही नहीं पूरे गली मौहल्लें में खुशियॉ छा जाती हैं। लहरिया परिवार में भी ऐसी ही खुशियाँ आई हैं लेकिन यह खुशियॉ थोडी अलग भी हैं। कारण 2023 मे भाई अंकित जयंत पुत्र मुकेश जयंत ने 17 साल की उम्र में अपने पहले प्रयाश मे नीट मे बाजी मारी थी और अब 2025 मे बहन प्राची जयंत पुत्री मुकेश जयंत ने 17 साल की उम्र मे अपने भाई की तरह ही अपने प्रथम प्रयाश में ही सफलतापूर्वक नीट क्लिअर कर आर डी कॉलेज उज्जैन मे दखिला लिया। इसे कुछ लोग संयोगवश मान सकते हैं लेकिन इसके पिछे इन दोनों भाई बहन की लगन, कडी मेहनत और परिक्षा पर पूरा फोकस मूल कारण हैं। भाई बहन की सफलता पर न सिर्फ मूलत- बिर्गमा का पुरा भिंड के रहने वाले लहरिया परिवार में इस समय खुशी का माहौल हैं। वल्कि बहन भाई की इस कामयाबी पर उनके परिजन और आस पड़ोस के लोग भी खुश हैं। रणबीर सिंह, दुर्ग,अखिलेश सिंह, मंजू आदि ने बताया कि दोनों भाई बहन शुरु से ही पढ़ने लिखने में होशियार हैं। निश्चित तौर पर दोनों ग्वालियर चंबल का आगे चलकर और भी नाम रोशन करेगें।















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95